दैनिक भास्कर
जयपुर-दूदू भास्कर 25-03-2026

विश्व टीबी दिवस पर चाकसू में 100 मरीजों को मिला मुफ्त पोषण राशन

चाकसू | विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मंगलवार को चाकसू उप जिला चिकित्सालय में टीबी मरीजों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम में मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से 100 टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण युक्त राशन किट वितरित की गई। कार्यक्रम "यस वी कैन एंड टीबी" थीम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण स्तर को मजबूत करना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतुराज मीणा, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम सुन्दर दायमा, एसटीएस नितिन खण्डेलवाल सहित टीबी यूनिट का स्टाफ, आशा कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए दयाराम स्वामी ने बताया कि खण्ड चाकसू में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' पहल के तहत 100 मरीजों को पोषण राशन उपलब्ध कराया गया है।